प्रादेशिक समाचार
दिनांक–14.11.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 67 प्रतिशत मतदान, दुर्गम और संवेदनशील क्षेत्रों से कड़ी सुरक्षा के बीच इवीएम वज्रगृह तक पहुंचाने का सिलसिला आज भी जारी।।
2. 20 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए प्रचार तेज, केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, शिवराज सिंह चौहान और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की आज कई क्षेत्रों में चुनावी सभाएं।
3. इंडिया गठबंधन के नेताओं की भी आज कई चुनावी रैलियां, झामुमो के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज सारठ, मधुपुर, दुमका और बोकारो में करेंगे चुनाव प्रचार।
4. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल बिहार के जमुई से भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष समारोह की करेंगे शुरुआत।
5. मौसम विभाग ने रांची समेत राज्यभर में कल के बाद ठंड बढ़ने का जताया पूर्वानुमान, न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की आ सकती है गिरावट।

*******************

झारखंड में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में करीब 67 प्रतिशत मतदान हुआ है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि खरसांवा विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 79 दशमलव एक–एक प्रतिशत मतदान हुआ है जबकि रांची में सबसे कम 52 दशमलव दो सात फीसदी वोटिंग दर्ज की गयी है। श्री कुमार ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत अपेक्षा से कम रहा है।

*******************

विधानसभा चुनाव के लिए पुलिस विभाग के नोडल पदाधिकारी बनाये गये वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एवी होमकर ने बताया कि अति संवेदनशील बूथों पर भी शांतिपूर्ण मतदान कराने में सफलता मिली है।

*******************

इस बीच हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि पश्चिमी सिंहभूम जिले में कई नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से ईवीएम को वज्रगृहों तक सुरक्षित लाने की कार्रवाई आज भी चल रही है।

*******************

भारतीय जनता पार्टी ने महिला सुरक्षा, भ्रष्टाचार, रोजगार और बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दों पर राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर फिर निशाना साधा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार लव जिहाद और लैंड जिहाद के जरिये राज्य के डेमोग्राफी बदलने की साजिश कर रही है। श्री ठाकुर ने राज्य में एनडीए की जीत का दावा करते हुए कहा कि झारखंड को जेएमएम–कांग्रेस के कुशासन से मुक्ति मिलने वाली है।

*******************

इधर, कांग्रेस के प्रदेश चुनाव प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने पहले चरण का मतदान इंडिया गठबंधन के पक्ष में होने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के कामकाज पर लोगों ने भरोसा जताया है।

*******************

उधर, झामुमो के वरिष्ठ नेता मनोज पांडेय ने दावा किया है कि पहले चरण के चुनाव में ही इंडिया गठबंधन को निर्णायक बढ़त मिल गयी है।

*******************

झारखंड में विधानसभा चुनाव का पहला चरण पूरा होने के बाद 20 नवम्बर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए प्रचार तेज हो गया है। एनडीए और इंडिया दोनों गठबंधन के नेता मतदाताओं को लुभाने के लिए विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में सभा और रैलियां कर रहे हैं।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल बिहार के जमुई जाएंगे जहां वो जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित समारोह में भाग लेंगे। इस आयोजन के साथ ही भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष समारोह की शुरुआत हो जाएगी। श्री मोदी भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट का अनावरण करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर आदिवासी समुदायों के उत्थान और क्षेत्र के ग्रामीण तथा दूरदराज इलाकों में बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए छह हजार छह सौ 40 करोड़ रुपये से अधिक राशि की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

*******************

सरायकेला–चाईबासा मुख्य मार्ग पर कुड़ी मोड के पास आज दो बाइक की टक्कर में एक चुनाव कर्मचारी ओम प्रकाश समेत दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में कुल तीन लोग घायल भी हुए हैं। स्थानीय लोगों द्वारा घायलों को सदर अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर रेफर कर दिया गया है।

*******************

रांची समेत राज्य भर में मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है और सुबह– शाम ठंड भी महसूस होने लगी है। मौसम विभाग का कहना है कि न्यूनतम तापमान में इस सप्ताह दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। वहीं, रांची समेत कई और जिलों में सुबह के समय कोहरा छाया रहेगा और आसमान में आंशिक बादल भी छाए रह सकते हैं। रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि कल के बाद से राज्य के कई जिलों में न्यूनतम तापमान में कमी आ सकती है। उन्होंने कहा कि पुरवइया हवा के कारण सुबह के समय कनकनी बढ़ सकती है।

*******************